## खास-खबरें

### स्कूली बच्चों के साथ लगाए पौधे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स उद्यान में किड्जी हाई स्कूल के बच्चों के साथ नीम, कदंब और गुलमोहर के पौधे लगाए। पौध-रोपण में अविरल, एंजल, हार्दिक काव्यांश, पार्थ, समीक्षा, समृद्धि, स्वेछा, वेदांशी, अक्षिता और शिवांशी शामिल हुए। स्कूल की शिक्षिका श्रीमती प्रेरणा सिन्हा, श्रीमती दीपशिखा श्रीवास्तव, सुश्री शिवाली सिंह, सुश्री निधि विश्वकर्मा, श्रीमती श्वेता ठाकुर और श्रीमती नाजिया सुल्ताना ने भी पौधे लगाए। श्री चौहान के साथ बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य बृजेश चौहान और सर्वश्री अश्विनी चौहान, अंशुल चौहान, विकास चौहान, संजीव चौहान, राजाराम नामदेव ने भी पौध-रोपण किया। देवलिया स्मृति व्याख्यान माला समिति की सचिव श्रीमती अर्पणा एलिया ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण कर स्मृति ग्रंथ पत्रकारिता के भूषण भेंट किया। वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया और उनकी पुत्री शताक्षी एलिया भी पौधरोपण में शामिल हुए।

### आज और कल बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 25 मार्च (शनिवार) एवं 26 मार्च (रविवार) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है।

### मुख्यमंत्री 27 को देंगे 1500 एमएसएमई नवउद्यमियों को 400 करोड़ की अनुदान सहायता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 मार्च को प्रदेश के 1500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के 2000 मामलों में सिंगल क्लिक से 400 करोड़ रूपए अनुदान सहायता राशि उद्यमियों के खाते में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के समत्व सभागार में सुबह 11:30 बजे से होगा। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा भी शामिल होंगे। प्रदेश के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और हितलाभ वाले उद्यमी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल होंगे। सचिव एमएसएमई पी नरहरि ने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, क्षेत्रीय न्यूज चैनल और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास के लिए वर्ष 2021 में लागू की गई एमएसएमई नीति में इन उद्यमों को विभिन्न प्रकार के अनुदान एवं सेक्टर्स को विशेष पैकेज दिए जाने का प्रावधान है। एमएसएमई प्रावधानों में उद्यमों को उद्योग विकास अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणन के लिए सहायता, पेटेंट के लिए प्रतिभूति, अधो-संरचना विकास, ऊर्जा लेखा परीक्षा और बीमार इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

### भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** भारतीय वायुसेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिये इच्छुक आवेदक 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक वेबसाइट पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक रोजगार संचालनालय सी.के. बघेल ने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म 20 दिसम्बर 2002 से 26 जून 2006 के मध्य हुआ है, वे आवेदन करने के लिये पात्र हैं। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी भारतीय वायुसेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। वेबसाइट का लिंक एमपी रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

# लाड़ली बहना योजना महिलाओं की जिन्दगी बदलने का मिशनः चौहान

### आज से लिए जाएंगे योजना के आवेदन, मुख्यमंत्री ने योजना क्रियान्वयन के संबंध में मंत्रीगण, सांसद, विधायक और कलेक्टरों से की वर्चुअल चर्चा

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 25 मार्च से प्रदेश में मातृ शक्ति की सेवा का महायज्ञ आरंभ हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 25 मार्च से आवेदन प्राप्त करना आरंभ किया जाएगा।**

यह साधारण कार्य नहीं, अपितु महिलाओं की जिन्दगी बदलने का मिशन है। सभी जन-प्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी योजना के क्रियान्वयन से मिशन मोड में अंतर्रात्मा से जुड़ें। योजना लागू करने की सफलता इसी में है कि हम बिना परेशानी और कठिनाई के महिलाओं के आवेदन प्राप्त करें। इसके लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड में संवेदनशीलता के साथ आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की जाए। जिला स्तर पर अग्रिम रूप से विस्तृत और माइक्रो प्लानिंग कर गतिविधियाँ क्रियान्वित की जाएँ। गाँव और वार्ड में लगने वाले शिविरों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। श्री चौहान समस्त मंत्रीगण, सांसद, विधायक और कमिश्नर-कलेक्टर्स से लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन संबंधी वर्चुअली संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित कार्यालय समत्व भवन में हुई बैठक में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव महिला-बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी उपस्थित थे।



#### ई-केवाईसी के लिए पैसा माँगने वालों के विरूद्ध एफआईआर कर कड़ी कार्यवाही करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-केवाईसी करने के लिए राय सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति ई-केवाईसी करने के लिए पैसा माँगता है तो उसके विरूद्ध तत्काल एफआईआर कर कड़ी कार्यवाई की जाए। ई-केवाईसी के लिए बनाए गए केन्द्रों पर यह स्पष्ट लिखा जाए कि ई-केवाईसी निःशुल्क होगा। इसके लिए किसी को कोई पैसा देने की जरूरत नहीं है, ई-केवाईसी करने का पैसा राय सरकार द्वारा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गाँव या वार्डों में नेटवर्क की समस्या के कारण ई-केवाईसी करने में कठिनाई हो, वहाँ की बहनों को जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था कर अन्य केन्द्रों पर ले जाकर ई-केवाईसी कराया जाए। योजना में शत-प्रतिशत आवेदन सुनिश्चित करने के लिए पैम्फलेट का वितरण, लोक गीतों से और मुनादी करा कर प्रचार-प्रसार करें। अनंतिम सूची गाँव और वार्डों में सार्वजनिक स्थलों पर चस्पां की जाएगी।

#### समस्या समाधान के लिए जारी होगा फोन नम्बर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में कोई समस्या न आए, इसके लिए सतत् मॉनिटरिंग के साथ आवश्यक समन्वय के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को भी दायित्व सौंपा जा रहा है। महिला-बाल विकास विभाग की ओर से फोन नम्बर जारी किया जाएगा, जिस पर समस्या समाधान के लिए संपर्क किया जा सकेगा।

योजना पर दिए गए प्रस्तुतिकरण में आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज, ई-केवाईसी, आधार लिंक और समग्र आईडी से संबंधित जानकारियाँ दी गई। योजना क्रियान्वयन के लिए जिलों में जारी तैयारियों की जानकारी लेते हुए बताया गया कि आवेदन 25 मार्च से प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल होगी। अनंतिम सूची 1 मई को जारी की जाएगी, जिस पर 15 मई तक अपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी और 30 मई तक अपत्तियों का निराकरण कर दिया जाएगा। अंतिम सूची 31 मई को जारी होगी। योजना में हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण 10 जून को किया जाएगा। आगामी माहों में भी भुगतान के लिए प्रत्येक माह की 10 तारीख नियत की जाएगी। बैठक में विभिन्न जिलों से जन-प्रतिनिधियों तथा जिला कलेक्टर द्वारा सुझाव रखे गए।

## पांचवी-आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा आज से

भोपाल (काप्र)।

**राज्य शिक्षा केन्द्र और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही पॉचवीं एवं आठवीं कक्षाओं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा 25 मार्च से शुरू होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के आवागमन की सुविधा की दृष्टि से नजदीकी स्कूलों में 12 हजार 364 से अधिक परीक्षा केन्द्र बनाए हैं।**

स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी और संचालक राज्यशिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए शुक्रवार को जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मैदानी अधिकारियों के साथ ऑनलाइन वर्चुअल समीक्षा बैठक की। संचालक धनराजू एस ने बताया कि परीक्षाओं के लिए सभी तैयारियाँ जिलों द्वारा निर्देशानुसार पूर्ण कर ली गई हैं। इस वर्ष शासकीय शालाओं के साथ ही निजी स्कूलों और मदरसों के विद्यार्थी भी बोर्ड पैटर्न परीक्षा में शामिल होंगे। इस वर्ष प्रदेश के एक लाख 13 हजार 422 शासकीय, निजी शालाओं और मदरसों के लगभग 24 लाख 73 हजार बच्चे, परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं, जिनमें से 427 निजी स्कूल के 18 हजार 320 बच्चों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं।

संचालक धनराजू एस ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विभाग ने पृथक से एक आई.टी. पोर्टल तैयार किया गया है। जिससे परीक्षा के संचालन की पूर्ण व्यवस्थाएँ ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मेपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नंबर और प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। पोर्टल से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा के बाद होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जायेगी। संचालक ने बताया कि हालांकि सभी स्कूलों को प्रत्येक विद्यार्थी को इन परीक्षाओं में शामिल कराने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उसके बाद भी कक्षा 5वीं या 8वीं का कोई भी विद्यार्थी अगर किसी कारण से परीक्षा तिथि तक भी पंजीकृत नही हो पाया हो तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के लिए केन्द्राध्यक्षों को निर्देश प्रदान किए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारियों को परीक्षा के बाद दर्ज किया जायेगा।

परीक्षाओं में 87 हजार 793 शासकीय शालाओं, 24 हजार 565 अशासकीय शालाओं और एक हजार 64 मदरसों के विद्यार्थी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएँ 25 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रेल 2023 तक होगी। गत वर्ष प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 5वीं और 8वीं के लगभग 17 लाख से अधिक विद्यार्थियों के लिए बोर्ड पैटर्न परीक्षाएँ आयोजित की गई थीं। इस वर्ष से यह व्यवस्था प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों के साथ ही अशासकीय विद्यालयों और मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भी लागू की गई है।

## टीबी मुक्त भारत के निर्माण में सबकी भागीदारी जरूरीः डॉ. चौधरी



भोपाल (काप्र)।

**लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि टी.बी. मुक्त भारत के निर्माण में सबकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक देश को टी.बी. से मुक्त करने के लिये हम संकल्पित हैं। डॉ. चौधरी शुक्रवार को विश्व क्षय दिवस पर टी.बी. जागरूकता के लिये निवास कार्यालय से बाइक रैली को रवाना कर रहे थे।**

डॉ. चौधरी ने कहा कि टी.बी. के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग ने बाइक रैली निकाली है। उन्होंने कहा कि टी.बी. के प्रति व्याप्त शंकाओं को दूर करने और मरीजों को नियमित दवा सेवन का संदेश देने में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि टी.बी. के सामान्य लक्षण, जो 2 सप्ताह की खाँसी, बुखार, वजन में कमी होना, कफ के साथ खून आना आदि है, दिखने पर चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। शुरूआती दौर में बीमारी के लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेने पर दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि टी.बी. के इलाज की सुविधा निःशुल्क है। टी.बी. के मरीज को उपचार की अवधि में 500 रूपये प्रतिमाह दिया जाता है। यह राशि मरीजों के खाते में पहुँचाई जाती है। क्षय रोगियों को सहायता देने के लिये निक्षय मित्र कार्य कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा और डॉ. एच.एस. कदम उपस्थित थे।

### प्रदेश के 11 जिले पुरस्कृत

टी.बी. केसेस में कमी लाने पर प्रदेश के 11 जिलों को पुरस्कृत किया गया है। धार, मंदसौर और नीमच जिले को 60 प्रतिशत से अधिक कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर स्वर्ण-पदक, शाजापुर, बैतूल, इंदौर और देवास जिले को टी.बी. केसेस में 40 प्रतिशत कमी लाने पर रजत पदक तथा नरसिंहपुर, मुरैना, होशंगाबाद और मण्डला जिले को 20 प्रतिशत कमी लाने पर कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश से 30 जिलों ने नामांकन किया था। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुए वन वर्ल्ड टी.बी. समिट में पुरस्कारों की घोषणा की गई। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक क्षय उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2015 को आधार वर्ष मानते हुए टी.बी. के मामलों में सराहनीय कमी लाने वाले रायों और केन्द्र शासित प्रदेशों को विभिन्न श्रेणियों में सर्टिफिकेट, पदक एवं प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत करने के लिये सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### भोपाल से दो घंटे में पहुंच सकेंगे गोवा

**भोपाल (काप्र)।** भोपाल से गोवा तक सीधी उड़ान की 12 साल पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। इंडिगो ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इस उड़ान को समर शेड्यूल में शामिल कर लिया है। 23 मई से शुरू हो रही उड़ान फिलहाल सप्ताह में तीन दिन संचालित की जाएगी। राजधानी में नए एकीकृत टर्मिनल का लोकार्पण 2011 में हुआ था। एयरपोर्ट अथारिटी का प्रयास था कि गोवा उड़ान के साथ नए टर्मिनल का लोकार्पण हो, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पिछले 12 साल से राजधानी का युवा वर्ग एवं सैलानी उड़ान प्रारंभ करने की मांग कर रहे थे। 23 मई को इंतजार पूरा हो जाएगा। इंडिगो ने प्रस्तावित उड़ान का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। यह उड़ान मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को संचालित की जाएगी।

उड़ान का संचालन नार्थ गोवा स्थित मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होगा। भोपाल से गोवा तक का सफर करीब दो घंटे में पूरा होगा। इसमें किराया चार से पांच हजार रुपये के बीच होगा। वर्तमान में यात्रियों को मुंबई या बेंगलुरु से होते हुए गोवा जाना पड़ता है। कनेक्टिंग उड़ान में किराया भी अधिक लगता है और समय भी। भोपाल के यात्रियों को अब लखनऊ एवं कोलकाता तक सीधी उड़ान का इंतजार है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार इंडिगो ने कोलकाता उड़ान को समर सूची में शामिल किया है, लेकिन शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। इंडिगो की जयपुर उड़ान 13 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसका शेड्यूल पहले ही जारी हो चुका है।

## लोकायुक्त टीम को देख एएसआई ने लगाई दौड़

भोपाल (काप्र)।

**प्रदेश के इंदौर शहर के खजराना पुलिस थाना का एएसआई सुनील रैकवार ने लोकायुक्त पुलिस की टीम को देखकर दौड लगा दी। युवक को दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर 20 हजार रुपये की मांग कर रहा था।**

लोकायुक्त पुलिस उसे रंगेहाथ पकड़ना चाहती थी। फरारी में पुलिस ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार सुदामा नगर निवासी जगदीश विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उनका पुत्र शिवा परिचित युवती के साथ गायब हुआ था। बालिग होने के कारण दोनों ने शादी कर ली। इस मामले की एएसआई सुनील रैकवार जांच कर रहा था। उसने जगदीश को थाने बुलाया और कहा कि लड़की की मां समझौता नहीं करना चाहती है। उसने अभी तक आवेदन वापस नहीं लिया है। आवेदन पत्र का निकाल नहीं हुआ तो दुष्कर्म का केस दर्ज कर लूंगा। एएसआई ने विश्वकर्मा से 20 हजार रुपये मांगे और कहा कि जांच बंद कर दूंगा। विश्वकर्मा ने परिचित शिवराज कौशल के माध्यम से लोकायुक्त एसपी सव्यसाची सराफ से संपर्क साधा। पूरा घटनाक्रम बताया और कहा कि एएसआई अनावश्यक रिश्वत मांग रहा है। एसपी ने डीएसपी (लोकायुक्त) प्रवीणसिंह बघेल की टीम बनाई। इसके पूर्व विश्वकर्मा को वाइस रिकार्डर देकर एएसआई की बातचीत रिकार्ड करवा ली।15 मार्च को विश्वकर्मा योजना के अनुसार रुपये लेकर थाने पहुंचा, लेकिन उस समय उसकी कानून व्यवस्था में ड्यूटी लग गई। विश्वकर्मा दूसरे दिन फिर रुपये लेकर थाने पहुंच गया। लोकायुक्त की टीम भी सादे कपड़ों में थाने के आसपास तैनात हो गई। एएसआई को भनक लग गई और वह गायब हो गया। हालांकि लोकायुक्त के पास एएसआई के विरुद्ध साक्ष्य मिल चुके थे। फरारी में पुलिस ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# आज से करवट बदल सकता है प्रदेश का मौसम

भोपाल (काप्र)।

**मौसम में परिवर्तन का सिलसिला जारी है। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसकी वजह से भोपाल सहित प्रदेश के कई संभागों का मौसम फिर से बिगड़ेगा। 25 से 26 मार्च के बीच मौसम विभाग ने वर्षा, आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।**

किसानों की फसल पर ओलावृष्टि के आसार हैं। किसानों को भारी नुकसान फिर से उठाना पड़ सकता है। इससे पूर्व हुई वर्षा और ओलावृष्टि की मार किसान झेल चुके हैं। खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल तबाह हो चुका है। किसान इसे काफी बड़ा नुकसान बता रहे हैं।

वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर अभी भी चार मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। उनके असर से वातावरण में नमी आ रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल बने हुए हैं। साथ ही कहीं-कहीं वर्षा भी हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौसम प्रणालियां अब कमजोर पड़ गई हैं। इस वजह से अब ओले गिरने की संभावना नहीं है। वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण अभी गरज-चमक की स्थिति बनी रह सकती है। 25 मार्च को ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, भोपाल, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं एवं 26 मार्च को रीवा, सागर, चंबल, शहडोल, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक एवं तेज हवाएं चलने के साथ वर्षा हो सकती है।



मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में ईरान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। पूर्वी मध्य प्रदेश पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी उत्तर प्रदेश में चला गया है। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ से लेकर श्रीलंका तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इस मौसम प्रणाली के कारण मिल रही नमी से छत्तीसगढ़ से लगे मध्य प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। शुक्ला के मुताबिक अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ चुकी हैं।

